**कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता**
**(शासकीय स्वशासी संस्था) महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर**
**कार्यालय दूरभाष नंबर** :– 0731–2527383, 2527679
**फैक्स नंबर** :– 0731–2514628
**ईमेल** :– deanliabrary@gmail.com
**वेबसाईट** :– www.mgmmcindore.in

क्रमांक : 2032 / स्था. / अवि. / 2021 इन्दौर, दिनांक :– 09/2/2021

# –:: संशोधित विज्ञप्ति सूचना पत्र ::–

**कार्यालयीन पत्र कमांक 21667 / स्था / अवि / 2020 इन्दौर दिनांक 11.12.2020 द्वारा जारी की गई थी जिसे अपरिहार्य कारणों से पत्र कमांक 21894 / स्था / अवि / 2020 इन्दौर दिनांक 18.12.2020 के द्वारा निरस्त कर दी गई थी ।**

**उक्त विज्ञप्ति में आंशिक संशोधन करते हुये आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 05.01.2021 के स्थान पर दिनांक 24.02.2021 निर्धारित कर विज्ञप्ति पुनः यथावत जारी की जा रही है ।**

1) शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय परिचारिका संवर्ग (स्टॉफ नर्स) आदर्श सेवा भर्ती नियम 2018 के अंतर्गत चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर के अधीन स्वीकृत स्टॉफ नर्स के रिक्त पदों की पूर्ति की जाना है। इस हेतु **म.प्र. के शासकीय नर्सिंग स्कूल / महाविद्यालय के उत्तीर्ण उम्मीदवारों** से आवेदन पत्र दिनांक **24.02.2021** सांय **5.00** बजे तक आमंत्रित किए जाते है। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप एवं शुल्क इत्यादि की जानकारी शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय की वेबसाईट www.mgmmcindore.in पर उपलब्ध है।

2) आवेदन पत्र डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से Dean Government Autonomus Medical college, Indore (म.प्र.) 452001 के कार्यालय में जमा कराए जा सकते हैं।

3) आवेदन पत्र के लिफाफे पर स्पष्ट रूप से शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर में परिचारिका संवर्ग में स्टॉफ नर्स हेतु आवेदन तथा आवेदित पद का नाम और आरक्षित / अनारक्षित श्रेणी तथा उत्तीर्ण हुए शासकीय संस्था के नाम का उल्लेख अनिवार्य रूप से करे। किसी भी स्थिति में निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**नोटः– उक्त विज्ञापन हेतु जिन आवेदकों द्वारा पूर्व में आवेदन प्रस्तुत किये जा चुके है उन्हें पुनः आवेदन प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।**

**(डॉ. संजय दीक्षित)**
**अधिष्ठाता**
**म.गा.स्मृति शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय इन्दौर(म.प्र.)**

09/02/2021

**कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता**
**(शासकीय स्वशासी संस्था) महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर**
कार्यालय दूरभाष नंबर :– 0731–2527383, 2527679 ईमेल :– deanliabrary@gmail.com
फैक्स नंबर :– 0731–2514628 वेबसाइट :– www.mgmmcindore.in


क्रमांक 2032/स्था./अवि./2021 इन्दौर, दिनांक :– 09/2/2021

## //स्टॉफ नर्स भर्ती सूचना//

मध्यप्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल के पत्र क्रमांक 803/स्था./अराज/2018 भोपाल दिनांक 20.09.2018 द्वारा शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर में मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सकीय सेवा आदर्श नियम 2018 द्वारा प्राप्त अनुसूचियों के आधार पर शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर में स्टॉफ नर्स के रिक्त पदों पर **म.प्र. के शासकीय नर्सिंग स्कूल/महाविद्यालय के उत्तीर्ण उम्मीदवारों** हेतु निर्धारित शर्तो के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है :–

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 24.02.2021 (शासकीय कार्य दिवस)**

### 1) महिला स्टॉफ नर्स के कुल रिक्त पद संख्या :- 267

**सीधी भर्ती :- महिला स्टाफ नर्स - कुल पद - 214 (267-53 संविदा = 214)**

| स. क्र. | श्रेणी | बिना वर्ग | | भूतपूर्व सैनिक | | दिव्यांग | योग | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | पुरूष | महिला | | | |
| 1 | अनारक्षित | 0 | 46 | 0 | 7 | 05 | 58 | *नोट:– न्यायालय के निर्णय होने तक WP के तहत अपिव के 13% (28पद) पदों को सुरक्षित रखा गया है |
| 2 | अनुसूचित जाति | 0 | 29 | 0 | 3 | 02 | 34 | |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 0 | 37 | 0 | 4 | 02 | 43 | |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 0 | 25 | 0 | 3 | 02 | 30* | |
| 5 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 0 | 19 | 0 | 2 | 0 | 21 | |
| | योग | 0 | 156 | 0 | 19 | 11 | 186 | |

**सीधी भर्ती :-महिला स्टाफ नर्स**

(म.प्र. के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अधीनस्थ संस्थाओं में कार्यरत संविदा कर्मचारियों हेतु)

**कुल पद - 53**

**(संविदा कर्मचारियों हेतु 20% (267x20%=53)**

| स. क्र. | श्रेणी | बिना वर्ग | | भूतपूर्व सैनिक | | दिव्यांग | योग | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | पुरूष | महिला | | | |
| 1 | अनारक्षित | 0 | 11 | 0 | 02 | 02 | 15 | *नोट:– न्यायालय के निर्णय होने तक WP के तहत अपिव के 13% (7 पद) पदों को सुरक्षित रखा गया है |
| 2 | अनुसूचित जाति | 0 | 08 | 0 | 0 | 0 | 08 | |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 0 | 09 | 0 | 01 | 01 | 11 | |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 0 | 07 | 0 | 0 | 0 | 07* | |
| 5 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 0 | 05 | 0 | 0 | 0 | 05 | |
| | योग | 0 | 40 | 0 | 03 | 03 | 46 | |

## 2) पुरूष स्टॉफ नर्स के कुल रिक्त पद संख्या :- 30

**सीधी भर्ती :- पुरूष स्टाफ नर्स - कुल पद - 24 (30-06 संविदा)**

| स. क्र. | श्रेणी | बिना वर्ग | | भूतपूर्व सैनिक | | दिव्यांग | योग | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | पुरूष | महिला | | | |
| 1 | अनारक्षित | 6 | 0 | 0 | 0 | 1 | 7 | *नोटः– न्यायालय के निर्णय होने तक WP के तहत अपिव के 13% (3 पद) पदों को सुरक्षित रखा गया है |
| 2 | अनुसूचित जाति | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3* | |
| 5 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | |
| | योग | 20 | 0 | 0 | 0 | 1 | 21 | |

## सीधी भर्ती :- पुरूष स्टाफ नर्स

**(म.प्र. के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अधीनस्थ संस्थाओं में कार्यरत संविदा कर्मचारियों हेतु)**

## कुल पद -06

**(संविदा कर्मचारियों हेतु 20%आरक्षित(30x20%=06)**

| स. क्र. | श्रेणी | बिना वर्ग | | भूतपूर्व सैनिक | | दिव्यांग | योग | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | पुरूष | महिला | | | |
| 1 | अनारक्षित | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | *नोटः– न्यायालय के निर्णय होने तक WP के तहत अपिव के 13% (1 पद) पदों को सुरक्षित रखा गया है |
| 2 | अनुसूचित जाति | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1* | |
| 5 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | |
| | योग | 05 | 0 | 0 | 0 | 0 | 05 | |

*नोटः– माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय होने तक कुल रिक्त पदों का 13% अपिव के पदों हेतु सुरक्षित रखा गया है एवं 14% रिक्त पद विज्ञापित किये गये हैं

**3. न्युनतम शैक्षणिक योग्यता :–**

| | |
|---|---|
| स्टाफ नर्स | 1. अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान के साथ (10+2) शिक्षा पद्धति से 12वीं परीक्षा अवश्य उत्तीर्ण होना चाहिए।<br>2. शासकीय बी.एस.सी. (नर्सिंग) अथवा जनरल नर्सिंग एवं ज्येष्ठ प्रसूति विज्ञान प्रशिक्षित।<br>3. मध्यप्रदेश नर्सिंग कौंसिल में जीवित पंजीयन । |

**स्टॉफ नर्स के पद पर नियुक्ति हेतु निर्देश/शर्तेः–**

1. शासकीय नर्सिंग स्कूल/महाविद्यालय की उत्तीर्ण उम्मीदवारों को उनकी शैक्षणिक एवं व्यवहारिक गुणवत्ता एवं शासन द्वारा व्यय संसाधनो को दृष्टिगत रखते हुए स्क्रुटनी में उपयुक्त पाये जाने पर स्टॉफ नर्स की नियुक्ति प्रथम 03 माह के लिए निश्चित परिश्रमिक रूपयें 10,000/– प्रतिमाह पर की जावेगी। 03 माह पश्चात स्टॉफ नर्स की परीक्षा ली जावेगी परीक्षा में उत्तीर्ण होने के पश्चात ही अभ्यार्थियों को नियमित स्थापना के पदों में नियुक्त किया जावेगा।

| पद का नाम | वेंतनमान |
|---|---|
| स्टॉफ नर्स | शासन निर्देशानुसार देय वेतन होगा। |

**4. वेतनमान एवं अन्य भत्ते :–**

महगांई भत्ता एवं अन्य भत्ते और अन्य लाभ शासन नियमानुसार लागू होगें।

**5. आरक्षण :–**

1. पदों पर आरक्षण राज्य शासन के द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों के अनुसार होगा।
2. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (केवल गैर क्रीमीलेयर) तथा अनारक्षित (आर्थिक रूप से कमजोर संवर्ग) के लिये आरक्षण प्रावधान नियमानुसार लागू होगें।
3. उक्त पदों हेतु जातिगत आरक्षण केवल ऐसे अभ्यार्थियों पर लागू होगा, जिनका जाति प्रमाण पत्र मध्यप्रदेश राज्य के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी किया गया हों।
4. सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना क्रमांक 26 दिनांक 19 जनवरी 2015 के अनुसार दिव्यांग उम्मीदवारों हेतु क्षैतिज आरक्षण लागू होगा।
5. विकलांग श्रेणी के उम्मीदवारों को मेडिकल बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी विकलांगता प्रमाण पत्र जिसमें विकलांगता प्रतिशत स्पष्ट दर्शाया गया हो, प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

| | |
|---|---|
| **अस्थि बाधित** | **अस्थि बाधित (45% to 50%) शरीर के निचले हिस्से की विकलांगता मान्य है।** |

6. मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) प्राधिकार से प्रकाशित दिनांक 27 जून 2017 के अनुसूची –एक की टिप्पणी क्रमांक–04 को ध्यान में रखते हुए **स्टॉफ नर्स के कुल स्वीकृत पदों के 10 प्रतिशत पदों पर ही पुरुष स्टॉफ नर्स पदस्थ किये जाऐंगे।**
7. उक्त पदों में संविदा पर नियुक्त कर्मचारियो को 20 प्रतिशत आरक्षण का लाभ सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी निर्देश क्र. सी 5–2/2018/1/3 भोपाल दिनांक 05 जून 2018 के अनुसार रहेगा।
8. उक्त पदो में भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी निर्देश क्र. एफ–9–3/2012/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 22 सितंबर 2012 के अनुसार रहेगा।
9. उक्त पदों पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के लिए आरक्षण सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी निर्देश क्र. एफ 07–11/2019/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 02 जुलाई 2019 के अनुसार रहेगा। आरक्षण का लाभ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही दिया जायेगा।

**6. आवेदन शुल्कः–**

अनारक्षित वर्ग हेतु 1000/–(एक हजार रुपये) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग (केवल गैर क्रीमीलेयर) तथा अनारक्षित (आर्थिक रुप से कमजोर संवर्ग) एवं निशक्तजन उम्मीदवारों के लिये 800/–(आठ सौ रुपये) राशि का आर.टी.जी.एस. स्टेट बैंक आफ इण्डिया एम.वाय.एच.केम्पस, इन्दौर **"मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर"** के नाम देय हो प्रस्तुत करना होगा। रसीद के पीछे अभ्यार्थी को अपना पूरा नाम, पता तथा फोन नम्बर यदि कोई हो तो लिखना आवश्यक होगा।

**7 आयुसीमाः–**

1. अनारक्षित वर्ग हेतु – न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष
2. अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/शासकीय/निगम/मण्डल स्वशासी संस्था के कर्मचारियों/नगर सैनिक/निःशक्तजन/महिलाओं (अनारक्षित/आरक्षित) आदि हेतु – न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष (अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट)

**नोटः– आयु की गणना 01 दिसंबर 2020 के आधार पर की जावेगी।**

**8. सामान्य शर्तेः—**

1. उम्मीदवार को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए।
2. शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर द्वारा आवश्यकता अनुसार उक्त पदों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है।
3. ऐसे अभ्यर्थी जो शासकीय/अर्धशासकीय/सार्वजनिक उपकम में कार्यरत है एवं विज्ञापित पदों हेतु न्यूनतम अर्हता एवं आयु सीमा संबंधी सभी मापदंडों को पूर्ण करते हों उन्हें दस्तावेज सत्यापन के दौरान वर्तमान नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा उनकी उम्मीदवारी पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
4. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग (केवल गैर क्रीमीलेयर) तथा अनारक्षित (आर्थिक रुप से कमजोर संवर्ग) जो आरक्षण का लाभ लेना चाहते है, उन्हें म.प्र. भाासन के वर्तमान प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रारुप में प्रमाण पत्र की एक प्रति दस्तावेज सत्यापन के दौरान जमा करनी होगा।
5. उम्मीदवारों को पूर्ण रुप से स्वस्थ होना अनिवार्य है एवं नियुक्ति के समय मेडीकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा स्वस्थता प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।
6. अधिष्ठाता, चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर किसी भी समय किसी भी स्तर पर आंशिक या पूर्ण विज्ञप्ति या भर्ती प्रकिया को बिना किसी कारण रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस संबंध में महाविद्यालय की कोई जवाबदारी नहीं होगीं।
7. चयन प्रक्रिया संबंधी किसी भी विवाद में अधिष्ठाता, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
8. नियुक्ति संबंधी कोई भी विवाद माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर में मान्य होगा।
9. ऐसे आवेदक जिनको दिनांक 26.01.2001 तथा उसके बाद तृतीय बच्चे का जन्म हुआ है, चयन प्रक्रिया में भाग लेने के पात्र नहीं होगें।
10. वैवाहिक स्थिति – एक से अधिक विवाह किये गये उम्मीदवार पात्र नहीं होंगे अगर प्रथम विवाह से विच्छेद न हुआ हो अथवा मृत्यु न हुई हो।
11. सेवा की अन्य शर्ते नियुक्ति पत्र में दर्शाई अनुसार बंधनकारी होगी।
12. पुरूष तथा महिला स्टॉफ नर्स की चयन सूची पृथक–पृथक तैयार की जावेगी।
13. चयन सूची तैयार करते समय यदि दो या दो से अधिक उम्मीदवार समान अंक प्राप्त करते है तो उम्मीदवारों की जन्मतिथि पर विचार किया जायेगा अर्थात अधिक आयु के आवेदक को कम आयु के आवेदक के ऊपर रखा जावेगा। जन्मतिथि समान होने की स्थिति में ऐसे उम्मीदवार को वरीयता दी जावेगी जिन्होने आवेदन किए पद हेतु निर्धारित आवश्यक न्यूनतम अर्हता में अधिक अंक प्राप्त किये है। ऐसी स्थिति में जब उपरोक्ता दोनो स्थितियॉ एक से अधिक आवेदक के लिये समान हो तो कक्षा 12वीं में अधिक अंक प्राप्त अभ्यार्थी को वरीयता दी जावेगी।
14. स्टॉफ नर्स के पद हेतु आवेदन करने के पूर्व आवेदक विज्ञापन का गहन अध्ययन कर लेवें।

**9 सेवा अनुबंध सह प्रतिभूति पत्र :–**

स्टॉफ नर्स को न्युनतम 03 वर्ष की सेवाएं देने हेतु सेवा अनुबंध सह प्रतिभूति पत्र निष्पादित करना होगा। सेवा अनुबंध सह प्रतिभूति पत्र में निहित शर्तो का पालन न करने पर उसे 01 वर्ष के वेतन/मानदेय के बराबर की राशि इस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर को चुकानी होगी। यह देय राशि संबंधित से भू–राजस्व की बकाया की भांति वसूली योग्य होगी।

**10 अहर्तायें :–**

निम्नलिखित मामलों में उल्लंघन करने वाले आवेदकों का अभियोजन किया जा सकेगा और/या चयन के लिये उसकी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी और/या उसे या तो स्थायी रूप से या विशिष्ट अवधि के लिये विवर्जित कर दिया जाएगा :–

1. कूटरचित दस्तावेज या ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत किये हों जिनमें फेरबदल किया गया हो या

2. चयन के किसी भी स्तर पर भर्ती हेतु दिये गये किसी भी आवेदन/प्रपत्र/अनुप्रमाणन/दस्तावेज में असत्य जानकारी दी हो या सारभूत जानकारी छिपाई हो या

3. भर्ती के लिये कोई अन्य अनियमित या अनुचित साधन अपनाया हो या

4. आवेदकों को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्ते) नियम 1961 के नियम के अनुसार नियुक्ति के लिये वह उम्मीदवार अपात्र होगा जो निम्न में से कोई हो :–

**अ.** पुरूष उम्मीदवार जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हो। इसी प्रकार महिला उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसके पहले से ही एक पत्नी जीवित हो। ऐसे मामले में शासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है अर्थात यदि शासन का इस बात से समाधान हो जाए कि ऐसा करने का पर्याप्त कारण है तो वह इस प्रतिबंध से छूट दे सकता है।

**ब.** जो शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य नही पाए गए।

**स.** महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध का दोष सिद्ध ठहराया गया हो।

**द.** जिसकी दो से अधिक संतान है जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हुआ है परन्तु निरर्हित नहीं होगा यदि एक संतान से जीवित रहते आगामी प्रसव में दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है।

5. ऐसा उम्मीदवार जिसके विरूद्ध नैतिक पतन का आपराधिक प्रकरण न्यायालय मे विचाराधीन है अथवा वह नैतिक पतन के आपराधिक मामले में दोष सिद्ध हुआ हो।

**11. चयन प्रक्रिया (स्टॉफ नर्स का वैटेज निम्नानुसार रहेगा) :–**

| Higher Secondary (12th) Percentage (% x 0.2 ) (Max 20 Marks)a | BSC / GNM Percentage (% x 0.5 ) (Max 50 Marks) | BSC = 25 GNM = 20 | MSC = 05 | Total = 100 |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

**12. महत्वपूर्ण टीप :–**

यह उम्मीदवारों के हित में है कि वे शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर की वेबसाईट www.mgmmcindore.in का नियमित रूप से अवलोकन करते रहे एवं महत्वपूर्ण सूचनाओं व निर्देशों पर ध्यान देवें। इस संबंध में शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर की कोई जवाबदारी नही होगी। यदि आवेदक समय–समय पर महाविद्यालय द्वारा जारी महत्वपूर्ण सूचनाओं एवं निर्देशों का अवलोकन करने में असफल होता है तो इसकी दावेदारी मान्य नही की जावेगी। साथ ही आवेदक द्वारा आवेदन पत्र सही भरा जाना चाहिए एवं किसी भी जानकारी को छिपाया नही जाना चाहिए। यदि भविष्य में पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार का चयन उसके द्वारा प्रस्तुत गलत जानकारी के आधार पर हुआ, तो ऐसे उम्मीदवार की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से निरस्त की जा सकेगी एवं तद्नुसार उसके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

**(डॉ. संजय दीक्षित)**
**अधिष्ठाता**
**म.गा.स्मृति शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय इन्दौर(म.प्र.)**

09/02/2021

# आवेदन का प्रारूप

| पासपोर्ट साइज नवीनतम फोटो |
|---|

**नोटः सभी जानकारी आवेदक द्वारा पूर्ण की जावे।**

आवेदन शुल्क (अनारक्षित–1000/– एवं अजा, अजजा, अपिव, ई.डब्ल्यु.एस, निशक्तजन –800/–) आर.टी.जी.एस. स्टेट बैंक आफ इण्डिया एम.वाय.एच.केम्पस, इन्दौर (IFSC :- SBIN0030359) (Account No. 53003590071) (M.G.M.Medical College, (Autonomous Society ) Indore के नाम से कर रसीद संलग्न करें

1. आवेदित पद का नाम ..............................................................................................
2. बैंक ड्राफ्ट क्रमांक ..................................................................................................
3. आवेदक का पूरा नाम (उपनाम सहित).................................................................
4. पुरूष/महिला .........................................................................................................
5. पिता/पति का नाम (उपनाम सहित)...................................................................
6. जन्मतिथि ..............................................................................................................
7. आयु दिनांक 01.12.2020 के अनुसार वर्ष ........... माह ........... दिन ............

   (सत्यापन हेतु प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें)
8. वर्तमान निवास स्थान का पता (पिनकोड सहित)..............................................

   ..........................................................................................................................
9. स्थाई निवास स्थान का पता (पिनकोड सहित)....................................................

   ..........................................................................................................................
10. मोबाईल नंबर............................ई–मेल आई.डी...................................................
11. वर्ग : अनारक्षित / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछडा वर्ग / विकलांग/भूतपुर्व सैनिक .................... (आरक्षित श्रेणी हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र की छायाप्रति संलग्न करें )
12. विवाहित होने की स्थिति में विवाह की तिथि ..................................................
13. शैक्षणिक योग्यताऐं:– **(प्रमाण–पत्र एवं अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें**

| स.क्र. | परीक्षा का नाम | संस्था/बोर्ड/विवि का नाम | वर्ष | विषय | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14. जीवित बच्चों का विवरण :–

| स.क्र. | नाम | लिंग | जन्मतिथि (सत्यापित प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें) |
| --- | --- | --- | --- |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

15. अन्य विशेष योग्यता :–

16. सेवारत होने की स्थिति में नियोक्ता का प्रमाण पत्र संलग्न करें।

17. निर्धारित आयु के पूर्व विवाह न होने तथा 26.01.2001 के पश्चात तीसरी संतान न होने का नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित शपथ–पत्र संलग्न करें।

18. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची।

स्थान................................ आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर

दिनांक..............................

## //घोषणा–पत्र//

1. मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्ण एवं सत्य है। जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति पत्र निरस्त किया जा सकेगा।
2. मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मुझे नैतिक पतन के किसी अपराध मे किसी न्यायालय द्वारा न तो दोषी पाया गया है और न ही मेरे विरूद्ध इस प्रकार का कोई प्रकरण किसी भी न्यायालय मे विचाराधीन है।

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर